**Roll No. ...................................**

# E–3028

## B. Com. (Part II) EXAMINATION, 2021

**(New Course)**

**(Group—I)**

Paper First

CORPORATE ACCOUNTING

*Time : Three Hours* ] [ *Maximum Marks : 75*

नोट : प्रत्येक इकाई से एक प्रश्न करना अनिवार्य है। सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।

*One* question from each Unit is compulsory. All questions carry equal marks.

इकाई—1

**(UNIT—1)**

1. एक मर्यादित कम्पनी ने अपने प्रत्येक ₹ 100 वाले 40000 अंशों की अधिकृत पूँजी में से 25000 अंश जनता के क्रय करने हेतु प्रस्तुत किये। प्रत्येक अंश पर ₹ 20 आवेदन पर, ₹ 30 (प्रीमियम सहित) आबंटन पर, ₹ 30 प्रथम याचना पर तथा ₹ 30 द्वितीय याचना पर देय थे। 22000

अंशों के लिए आवेदन-पत्र प्राप्त हुए तथा अंश आबंटित किये गये। अंशों पर निम्नांकित राशियाँ प्राप्त हुईं :

| | |
|---|---|
| 18000 अंशों पर | सम्पूर्ण राशि |
| 2500 अंशों पर | ₹ 80 प्रति अंश |
| 1000 अंशों पर | ₹ 50 प्रति अंश |
| 500 अंशों पर | ₹ 20 प्रति अंश |

नियमानुसार संचालकों ने उन सभी अंशों को जब्त कर लिया जिन पर ₹ 80 से कम राशि प्राप्त हुई थी। जब्त अंशों में से 1000 अंश ₹ 90 प्रति अंश पूर्णदत्त पुनर्निर्गमित किये गये। आवश्यक जर्नल प्रविष्टियाँ देकर कम्पनी का चिट्ठा बनाइये।

A Ltd. Co. having an authorised capital of 40000 shares of ₹ 100 each offered 25000 shares of the public. On each share of ₹ 20 were payable on application, ₹ 30 on allotment (including premium), ₹ 30 on first call and the balance of ₹ 30 on second call. Applications for 22000 shares were received and shares were allotted. The amount received on these shares was as under :

| | |
|---|---|
| On 18000 shares | fully amount |
| On 2500 shares | ₹ 80 per share |
| On 1000 shares | ₹ 50 per share |
| On 500 shares | ₹ 20 per share |

As per rule directors forfeited those shares on which less than ₹ 80 per share was received of the forfeited shares. 1000 shares were re-issued for ₹ 90 per share as full paid. Give necessary journal entries and the balance sheet of the company.

अथवा

(*Or*)

ऋणपत्रों के शोधन से आप क्या समझते हैं ? ऋणपत्रों के शोधन की विधियों को संक्षेप में समझाइए।

What do you understand by redemption of debentures ? Describe methods of redemptions of debentures.

इकाई—2

**(UNIT—2)**

2. काल्पनिक अंकों का प्रयोग करते हुए कम्पनी अधिनियम के अनुसार एक कम्पनी के चिट्ठे का नूमना दीजिए।

Using imaginary figure give specimen of company's balance sheet according to Companies Act.

अथवा

(*Or*)

1 अप्रैल, 2020 को फनी फैशन लि. का ऐच्छिक समापन हुआ। निस्तारक को सम्पत्तियों के विक्रय पर 3%, अंशधारियों को बाँटी गयी राशि पर

2% पारिश्रमिक मिलेगा। निस्तारक ने कम्पनी की समस्त सम्पत्तियाँ बेच दीं। 1 अप्रैल, 2020 को कम्पनी की स्थिति निम्न प्रकार थी :

| | राशि (₹ में) |
|---|---|
| सम्पत्तियों की बिक्री पर रोकड़ प्राप्ति | 7,00,000 |
| समापन व्यय | 12,600 |
| लेनदार (एक माह का वेतन ₹ 8,400 सहित) | 95,200 |
| 7000, 6% पूर्वाधिकार अंश प्रत्येक ₹ 30 का | 2,10,000 |
| (जिस पर एक वर्ष का लाभांश अवशिष्ट है) | |
| 14000 समता अंश प्रत्येक ₹ 10 का, प्रत्येक पर ₹ 9 | |
| याचित और भुगतान किये गये हैं | 1,26,000 |

सामान्य संचय ₹ 1,68,000 व लाभ-हानि खाता ₹ 28,000।

कम्पनी के पार्षद अंतर्नियमों के अनुसार पूर्वाधिकार अंशधारियों को समता अंशों की राशि भुगतान करने के बाद बची हुई राशि में से 1/3 राशि प्राप्त करने का अधिकार है। निस्तारक का अंतिम विवरण खाता बनाइए।

Funny Fashion Ltd. went into voluntary liquidation on 1st April, 2020. The liquidator is to be paid remuneration at 3% on the amount realised on sale of assets and 2% on account distributed to shareholders. The liquidator sold out all the

assets of the company. On 1st April, 2020 company's position was under :

| | ₹ |
|---|---|
| Cash realized on sale of assets | 7,00,000 |
| Liquidation expenses | 12,600 |
| Creditors (including salaries for one month ₹ 8,400) | 95,200 |
| 7000, 6% preference shares of ₹ 30 each | 2,10,000 |
| (on which dividend is in arrear for one year) | |
| 14000 equity shares of ₹ 10 each ₹ 9 per share | 1,26,000 |
| (called and paid) | |
| General reserve ₹ 1,68,000; P & L A/c ₹ 28,000 | |

Under articles of association of the company the preference shareholder have a right to receive 1/3rd of the surplus remaining after repaying the equity share capital. Prepare liquidator's final statement of account.

इकाई—3

**(UNIT—3)**

3. ख्याति की अवधारणा का वर्णन कीजिए और इसके मूल्यांकन की विभिन्न विधियों को स्पष्ट कीजिए।

Describe the concept of goodwill and explain the various methods of its evaluation.

अथवा

(*Or*)

31 मार्च, 2020 को X लि. का चिट्ठा निम्नलिखित है :

| दायित्व | राशि (₹) |
|---|---|
| अंश पूँजी : | |
| निर्गमित पूँजी : | |
| 60000 समता अंश प्रत्येक ₹ 10 वाला | 6,00,000 |
| सामान्य संचिति | 4,00,000 |
| लेनदार | 2,00,000 |
| | 12,00,000 |

| सम्पत्तियाँ | राशि (₹) |
|---|---|
| विविध सम्पत्तियाँ | 10,70,000 |
| प्रारम्भिक व्यय | 1,00,000 |
| अभिगोपन कमीशन | 30,000 |
| | 12,00,000 |

शुद्ध सम्पत्ति विधि से प्रत्येक अंश का मूल्य ज्ञात कीजिए।

The following is the B/s of X Ltd. as on 31st March, 2020 :

| **Liabilities** | **Amount (₹)** |
|---|---|
| Share Capital : | |
| Issued Capital : | |
| 60000 equity shares of ₹ 10 each fully paid | 6,00,000 |
| General reserve | 4,00,000 |
| Creditors | 2,00,000 |
| | 12,00,000 |

| **Assets** | **Amount (₹)** |
|---|---|
| Sundry Assets | 10,70,000 |
| Preliminary Expenses | 1,00,000 |
| Underwriting Commission | 30,000 |
| | 12,00,000 |

Find out the value of each share by net assets method.

इकाई—4

**(UNIT—4)**

4. 31 मार्च, 2021 को राजुल लि. और राहुल लि. एकीकरण करने के लिए सहमत हुए और एक नई कम्पनी रोहित लि. का गठन किया। 31 मार्च, 2021 को राजुल लि. और राहुल लि. के चिट्ठे निम्नलिखित प्रकार हैं :

| विवरण | राजुल लि. (₹) | राहुल लि. (₹) |
|---|---|---|
| **I.** समता एवं दायित्व : | | |
| अंशधारी कोष : | | |
| समता अंश पूँजी प्रत्येक ₹ 10 का | 2,00,000 | 1,60,000 |
| संचय एवं आधिक्य : | | |
| सामान्य संचय | 20,000 | 30,000 |
| लाभ-हानि विवरण | 4,000 | 10,000 |
| चालू दायित्व : | | |
| व्यापारिक देयताएँ | 6,000 | 2,000 |
| | 2,30,000 | 2,02,000 |

| **II.** सम्पत्तियाँ | | |
|---|---|---|
| गैर-चालू सम्पत्तियाँ : | | |
| स्थायी सम्पत्तियाँ : | | |
| मूर्त सम्पत्तियाँ : | | |
| भूमि एवं भवन | 1,00,000 | 90,000 |
| प्लाण्ट एवं मशीनरी | 48,000 | 38,000 |
| अमूर्त सम्पत्तियाँ : | | |
| पेटेण्ट | 5,000 | 4,000 |
| चालू सम्पत्तियाँ : | | |
| स्कन्ध | 28,000 | 30,000 |
| व्यापारिक प्राप्तियाँ : | | |
| देनदार | 36,000 | 32,000 |
| प्राप्य विपत्र | 4,000 | 4,000 |
| रोकड़ तथा रोकड़ तुल्य | 9,000 | 4,000 |
| | 2,30,000 | 2,02,000 |

31 मार्च, 2021 को राजुल लि. और राहुल लि. का विलय रोहित लि. में निम्नांकित शर्तों पर हुआ :

(i) रोहित लि. द्वारा राजुल लि. और राहुल लि. की सभी सम्पत्तियों एवं दायित्वों को उनके विद्यमान मूल्य पर लिया जायेगा।

(ii) क्रय प्रतिफल का निर्धारण शुद्ध सम्पत्ति विधि द्वारा किया जाएगा।

(iii) क्रय प्रतिफल का भुगतान रोहित लि. द्वारा अपने ₹ 10 वाले समता अंशों का सममूल्य पर निर्गमन कर दिया जाएगा।

आप रोहित लि. की पुस्तकों में आवश्यक पंजी प्रविष्टियाँ कीजिए एवं क्रय के स्वभाव के एकीकरण के बाद चिट्ठा बनाइये।

On 31st march, 2021 Raju Ltd. and Rahul Ltd. are agreed to amalgamate and form a new company called as Rohit Ltd. The following are the balance sheets of Rajul Ltd. and Rahul Ltd. as on 31st March, 2021 :

| **Particulars** | **Rajul Ltd. (₹)** | **Rahul Ltd. (₹)** |
|---|---|---|
| **I. Equity and Liabilities :** | | |
| Shareholders Fund : | | |
| Equity Share Capital of ₹ 10 each | 2,00,000 | 1,60,000 |
| Reserve and Surplus : | | |
| General Reserve | 20,000 | 30,000 |
| Statement of P & L A/c | 4,000 | 10,000 |
| Current Liabilities : | | |
| Trade Payable | 6,000 | 2,000 |
| | 2,30,000 | 2,02,000 |

| **II. Assets :** | | |
|---|---|---|
| Non-current Assets : | | |
| Fixed Assets : | | |
| Tangible Assets : | | |
| Land and Building | 1,00,000 | 90,000 |
| Plant and Machinery | 48,000 | 38,000 |
| Intangible Assets : | | |
| Patent | 5,000 | 4,000 |
| Current Assets : | | |
| Stock | 28,000 | 30,000 |
| Trade Receivables : | | |
| Debtors | 36,000 | 32,000 |
| Bills Receivable | 4,000 | 4,000 |
| Cash and Cash Equivalent | 9,000 | 4,000 |
| | 2,30,000 | 2,02,000 |

On 31st March, 2018 Rajul Ltd. and Rahul Ltd. merged into Rohit Ltd. on the following terms :

(i) Rohit Ltd. will take over all the assets and liabilities of Rajul Ltd. and Rahul Ltd. of their existing value.

(ii) Purchase consideration will be determined by net assets value method.

(iii) The consideration to be discharged by the Rohit Ltd. in the form of its fully paid equity shares of ₹ 10 each at par.

You are required to pass the necessary journal entries and prepare a Balance Sheet in the books of Rohit Ltd. after the amalgamation in the nature of purchase.

अथवा

(*Or*)

किन दशाओं में आंतरिक पुनर्निर्माण वांछनीय हो जाता है ? यह किस प्रकार प्रभावी बनाया जाता है ?

Under what conditions internal reconstruction becomes desirable ? How is it effected ?

इकाई—5

**(UNIT—5)**

5. न वसूल हुए लाभों की गणना कैसे की जाती है ? मिश्रित चिट्ठा बनाते समय इनका प्रयोग कैसे किया जाता है ? एक उदाहरण देकर स्पष्ट कीजिए।

How are unrealized profits calculated ? How are they used at the time of preparing consolidated balance sheet ? Explain by taking an example.

अथवा

(*Or*)

30 सितम्बर, 2020 को एस. लिमिटेड ने एम. लिमिटेड के 3000 साधारण अंशों का क्रय किया। 31 मार्च, 2021 को एम. लिमिटेड का चिट्ठा निम्नलिखित था :

| विवरण | | राशि (₹) |
|---|---|---|
| **I.** समता एवं दायित्व : | | |
| अंशधारी कोष : अंश पूँजी | | |
| ₹ 100 वाले 6% संचयी अंश | | 1,00,000 |
| ₹ 100 वाले समता अंश | | 5,00,000 |
| संचय एवं आधिक्य : | | |
| सामान्य संचिति | | 1,50,000 |
| लाभ-हानि विवरण : | | |
| 1-4-2020 शेष | ₹ 30,000 | |
| 2020-21 का लाभ | ₹ 90,000 | 1,20,000 |
| चालू दायित्व : | | |
| लेनदार | ₹ 50,000 | |
| देय विपत्र | ₹ 30,000 | 80,000 |
| योग | | 9,50,000 |

| **II.** सम्पत्तियाँ | | |
|---|---|---|
| गैर-चालू सम्पत्तियाँ : | | |
| स्थायी सम्पत्तियाँ : | | |
| मूर्त सम्पत्तियाँ : | | |
| भूमि एवं भवन लागत मूल्य पर | | 2,50,000 |
| यंत्र 01-4-2020 शेष | ₹ 2,50,000 | |
| (–) ह्रास | ₹ 25,000 | 2,25,000 |
| चालू सम्पत्तियाँ : | | |
| रहतिया (लागत मूल्य पर) | | 1,40,000 |
| देनदार | | 1,10,000 |
| रोकड़ एवं अधिकोषण बाकी | | 1,85,000 |
| प्रारम्भिक व्यय | | 40,000 |
| योग | | 9,50,000 |

क्रय की तिथि पर एस. लिमिटेड ने यह मालूम किया कि भूमि एवं भवन का मूल्य ₹ 20,000 अधिक तथा यंत्र का मूल्य ₹ 3,00,000 था। संयुक्त चिट्ठा तैयार करते समय एस. लिमिटेड ने सम्पत्तियों के उचित मूल्यों का प्रयोग करने तथा प्रारंभिक व्ययों को समाप्त करने का निश्चय किया।

पूँजीगत लाभ, आयगत लाभ तथा अन्य अंशधारियों के हित की गणना कीजिए।

S. Ltd. acquired 3000 equity shares in M. Ltd. on 30-9-2020.

On 31-3-2021 balance sheet of M Ltd. was as under :

| Particulars | | Amount (₹) |
|---|---|---|
| **I. Equity and Liabilities :** | | |
| Shareholder's Fund : Share Capital : | | |
| 6% Cumulative Shares of ₹ 100 each | | 1,00,000 |
| Equity Shares of ₹ 100 each | | 5,00,000 |
| Reserve and Surplus : | | |
| General Reserve | | 1,50,000 |
| Profit & Loss : | | |
| Balance on 1-4-2021 | ₹ 30,000 | |
| Profit for 2020-21 | ₹ 90,000 | 1,20,000 |
| Current Liabilities : | | |
| Creditors | ₹ 50,000 | |
| Bills Payable | ₹ 30,000 | 80,000 |
| Total | | 9,50,000 |

| **II. Assets** | |
|---|---|
| Non-current Assets : | |
| Fixed Assets : | |
| Tangible Assets : | |
| Land & Building (on cost price) | 2,50,000 |
| Plant : Balance on 1-4-2020 ₹ 2,50,000 | |
| *Less* : Depreciation ₹ 25,000 | 2,25,000 |
| Current Assets : | |
| Stock (on cost price) | 1,40,000 |
| Debtors | 1,10,000 |
| Cash and Bank Balances | 1,85,000 |
| Preliminary Expenses | 40,000 |
| Total | 9,50,000 |

As on the date of acquisition the S Ltd. found Land and Building over valued by ₹ 20,000 and the value of the machinery was to be ₹ 3,00,000. In preparing the consolidated Balance Sheet it decided to use the proper values of assets and to eliminate preliminary expenses. Ascertain capital profit, revenue profit and minority interest.